## खबर संक्षेप

### जुआ फड़ों 9 पकड़ाये




**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा नशे एवं सट्टा-जुआ के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सभी थाना-चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत 02 जनवरी को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि पचगांव रोड पुरानी बस्ती में कुछ व्यक्ति तास के पत्तों से रूपये पैसे की हारजीत का दांव लगाकर खेल रहें हैं। सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा दबिश देकर फड़ से अब्दुल सलीम उर्फ शहीद पिता अब्दुल बहाव ओसमानी उम्र 55 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती शहडोल, हनीफ अहमद पिता स्व. इन्द्राज अहमद उम्र 55 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती शहडोल एवं रविपाल पाल पिता गोपाल पाल उम्र 35 वर्ष निवासी बिचारपुर के संयुक्त कब्जे से तास के 52 पत्ते एवं 2,600 रूपये जब्त किया गया। इसी प्रकार थाना सीधी क्षेत्रांतर्गत मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कुदरी में कुछ व्यक्ति तास के पत्तों से रूपये पैसे की हारजीत का दांव लगाकर खेल रहें हैं। सूचना पर सीधी पुलिस द्वारा दबिश देकर फड़ से दिलीप अहिरवार अन्य 3 आरोपी के संयुक्त कब्जे से तास के 52 पत्ते एवं 500 रूपये जब्त किया गया तथा थाना धनपुरी क्षेत्रांतर्गत मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि धनपुरी में कुछ व्यक्ति तास के पत्तों से रूपये पैसे की हारजीत का दांव लगाकर खेल रहें हैं। सूचना पर धनपुरी पुलिस द्वारा दबिश देकर फड़ से रफी खान पिता सेख इसाग उम्र 27 वर्ष, सुदीप पासी पिता रज्जन पासी उम्र 25 वर्ष, हुसैन पिता स्व. मजीद उम्र 35 वर्ष सभी निवासी धनपुरी के संयुक्त कब्जे से तास के 52 पत्ते एवं 420 रूपये जब्त किया गया। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### 39 वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही



**शहडोल।** सीटी पुलिस द्वारा 02 जनवरी को शराब पीकर वाहन चलाने पर एवं बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्यावाही की गई। साथ ही बिना कागजात के यात्री बसों को चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए कुल 39 चालानों में 16,700 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### धनपुरी नपा उपचुनाव के अंतिम दिन कांग्रेस ने लगाया जोर



**धनपुरी।** नगर पालिका के वार्ड क्रमांक-28 की पार्षद रहीं श्रीमति रेखा कोल का कुछ महीना पहले लंबी बीमारी के कारण देहांत हो गया था, उसके देहांत के उपरांत वार्ड क्रमांक-28 में उपचुनाव हो रहे है, जिसमें आखरी दिन चुनाव प्रचार थमने के पहले कांग्रेस ने अपनी प्रत्यासी गीता कोल के जीत के लिए अपनी ताकत झोंकी कर घर-घर दस्तक देके लोगो से वोट मांगे, जिसमें मुख्य रूप से कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष सुजीत सिंह चंदेल, नगर पालिका धनपुरी के उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल, राम सिंह, आनंद मोहन जयसवाल, संतोष सिंह सेंगर, मो आजाद, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अंकित सिंह, शोभा राम पटेल, इबरार खान, कमलेश कोल, निक्की तिवारी विकास सहित सैकड़ों युवा कार्यकर्ता महिला कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# जिला अस्पताल में दवाओं का टोटा, रोगी हो रहे परेशान

## ग्रामीण अस्पतालों में न जांच की सुविधा न डॉक्टर मिलते

जिला अस्पताल में आज भी न तो दवाएं पर्याप्त मिल रही हैं और न डाक्टरों की उपलब्धता रहती है। ओपीडी में एक दो डाक्टर उपलब्ध रहते हैं जहां भारी भीड़ लगी रहती है। पेयजल की समस्या तो यहां स्थाई हो चुकी है।




शहडोल।

इस आदिवासी बहुल जिले में जन जन तक चिकित्सा सुविधा पहुंचाने के लिए सरकार ने निरंतर स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया है। ग्रामीण अंचलों से लेकर संभाग मुख्यालय तक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था है। मुख्यालय में तो जहां 4 सौ बिस्तरा शासकीय अस्पताल है वहीं एक मेडिकल कॉलेज भी है। लेकिन अव्यवस्थाओं का आलम ऐसा है कि रोगियों को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाती है। अफसरों की गैरजिम्मेदाराना कार्यशैली सारी व्यवस्थाओं पर पानी फेर देती है।

### दवाएं कब आंएगी?

जिला अस्पताल की हालत ऐसी है कि यहां पिछले एक वर्ष से भी अधिक समय से दवाओं का अभाव बना हुआ है। ओपीडी में डाक्टर को दिखाने के बाद जब रोगी पर्चा लेकर दवा वितरण केन्द्र मे आता है तो उसे एक दो दवाएं कम दी जाती हैं और स्पष्ट कह दिया जाता है कि यह दवा यहां उपलब्ध नहीं है। यह स्थिति यहां काफी समय से बनी हुई है। मजबूर होकर रोगी मेडिकल स्टोर से संपर्क कर महगे दामों दवाई खरीदता है। इसी अस्पताल में पानी की भी सुविधा नहीं रह गई है। गर्मी के समय यहां घड़े रखवाकर प्याऊ खोल दिया गया था। लेकिन ठण्ड के इस मौसम में अब उसका भी सहारा नहीं है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी परेशानी

ग्रामीण अंचलों में खण्ड स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व ग्रामीण बस्तियों के बीच प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उपस्वाथ्य केन्द्र संचालित किए हैं। यही नहीं चिकित्सा को निःशुल्क बनाने के लिए 16 प्रकार की जांच एक्स रे आदि की निः शुल्क सुविधा प्रदान की है। लेकिन इतने इंतजाम के बाद भी लोगों को इलाज की पर्याप्त सुविधा नहीं मिल पा रही है। कारण यह है कि सुविधाओं में कहीं बुनियादी खामियां हैं तो कहीं अमले ने स्थिति बिगाड़ रखी है। सिंहपुर सीएचसी अस्पताल का संचालन 50 वर्षों से भी अधिक समय से हो रहा है, लेकिन आज तक यहां रेडियोलाजिस्ट का पद स्वीकृत नहीं है। इस कारण एक्सरे मशीन भी नहीं मगाई गई है।

### एक्सरे के लिए भटकते हैं रोगी

सिंहपुर में लगभग 50-55 वर्ष पूर्व एक 30 बिस्तरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित किया गया था। उन दिनों रेडियोलाजिस्ट का पद सृजित किया जाना था। जिसकी प्रक्रिया भी चली लेकिन बाद में बेध्यानी के कारण वह शिथिल प? गई और आज भी उसकी फाइल नहीं खुली। स्थिति यह है कि यहां आज भी रेडियोलाजिस्ट का पद स्वीकृत नहीं है। न रेडियोलाजिस्ट आया और न एक्सरे मशीन आई। हालत यह है कि यहां के रोगी को मजबूरन 12 किमी दूर शहडोल

### झोला छाप डाक्टरों का धंधा

ग्रामीण क्षेत्रों में खासतौर बुढ़ार और जयसिंहनगर के आसपास झोला छाप डाक्टरों की भरमार है। यहां चूंकि ग्रामीण अंचलों में डाक्टरों की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है इसलिए रोगी झोला छाप डाक्टरों के पास जाकर इलाज कराते हैं और कुछ दिन बाद मुश्किल में पड़ जाते हैं। सरकार ने रिमोट एरिया में ड्यूटी करने वाले डाक्टरों को पृथक से भत्ता देती देती है। इसके बावजूद वे अस्पतालों में नहीं रहते। बताते हैं कि खैरहा अस्पताल की यही स्थिति है।



## रीवा-इंदौर ने तीन अंक से जीता मैच

**शहडोल।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन एवं संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन शहडोल के तत्वाधान में चल रही एम. एम. जगदाले ट्रॉफी बालक 15 वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता आज अंतिम दिन जिसमें पहला मुकाबला शहडोल और रीवा के मध्य जहां कल के स्कोर 52 रन से आगे खेलते हुए रीमा की टीम ने आज 217 रन 5 विकेट के नुकसान पर बनाकर दूसरी पारी में घोषित किया एवं शहडोल को दूसरी पारी के लिए आमंत्रित किया कि वह लक्ष्य का पीछा करें जिसमें शहडोल ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 40 रन बनाएं एवं यह मैच रीवा ने पहली पारी के आधार पर तीन अंक हासिल कर जीत लिया, वहीं दूसरे मुकाबले में जबलपुर एवं इंदौर के मध्य महात्मा गांधी स्टेडियम शेड्यूल में जिसमें इंदौर की टीम ने कल के स्कोर 140 से आगे खेलते हुए आज इंदौर की पूरी टीम 347 रन बनाकर ऑल आउट हुई जिसमें शानदार दोहरा शतक लगाते हुए बल्लेबाज ने रन बनाया एवं इस मैच में भी जबलपुर में इंदौर के ऊपर पहली पारी के आधार पर जीत हासिल की एवं तीन अंक हासिल की। इस मैच में संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील खरे की उपाध्यक्ष धीरेश दीक्षित, रोशन जैन, सचिव आजा द्विवेदी एवं दोनों ही मैच के निर्णायक शेर सिंह, अमुदिया हर्षित जैन, संदीप सतनामी, राकेश त्रिपाठी, पार्थ तोमर, राघवेंद्र सिंह, स्कोर अनिल जोशी, धर्मराज आदि मौजूद रहे। साथ ही शहडोल संभाग के मुख्य कोच आशुतोष श्रीवास्तव, सोनू रॉबिंसन, तीनों ही टीमों के कोच मैनेजर ट्रेनर सभी इस मौके पर मौजूद रहे ।शहडोल और रीवा के मध्य जो मैच हुआ उसमें मैन ऑफ द मैच कृष्ण वर्मा एवं जबलपुर एवं इंदौर के मैच हुआ उसका मैन ऑफ द मैच आदित्य श्रीवास्तव रहे। अगला मैच 5 तारीख से 7 तारीख तक शहडोल गांधी स्टेडियम में शहडोल बनाम जबलपुर एवं एमपीसीए ग्राउंड शहडोल में रीवा बनाम इंदौर का मैच मैच खेला जाएगा।

# चोरी की शिकायत के बाद भी पुलिस नहीं लिख रही रपट

## दुकान का ताला तोड़कर बैटरियां चुरा ले गए चोर

### नकाबपोश चोरों की करतूत सीसीटीवी में कैद

### लाइव चोरी का वीडियो हुआ वायरल

शहडोल ।






जिले में पुलिस का अनोखा क़ानून चोरी की घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज करने से पुलिस इन दिनों कतरा रही है। ऐसा ही एक चोरी की रिपोर्ट नहीं लिखे जाने का मामला सिटी कोतवाली से सामने आया है, जहां एक बैटरी दुकान में बीते दिनों पहले अज्ञात नकाबपोश बदमाश ने दुकान से बैटरी चोरी कर फरार हो गए थे, चोरी की पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी, जिसकी फरियादी ने सीसीटीवी फुटेज के साथ लिखित चोरी की शिकायत कोतवाली में दी थी, 04 दिन बीत जाने के बाद भी न तो पुलिस आई और न ही मामले की रिपोर्ट दर्ज की है। जिसको लेकर फरियादी परेशान होकर यहां-वहां भटक रहा है।

नगर के हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी रोहित सिंह के बुढ़ार रोड होंडा शो रूम के बगल में स्थित आरएस इंटरप्राइजेज फर्म की दुकान में बीते 31 को तीन चार नकाबपोश बदमाश दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखी लगभग 07 बैटरी चोरी कर ले गए, उनके इस चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी, पीड़ति ने इस मामले की लिखित शिकायत कोतवाली में दी थी, चार दिन बीत जाने के बाद भी न तो आज तक कोतवाली पुलिस इसका मुआयना करने आई और न ही रिपोर्ट दर्ज की, जिसको लेकर फरियादी परेशान होकर यहां वहां भटक रहा है। ऐसे में सरकार का लोगों को त्वरित शिकायत का समाधान का सपना कैसे पूरा होगा। वही इस मामले में कोतवाली प्रभारी राघवेन्द्र तिवारी का कहना है कि उस समय रिपोर्ट नही लिख पाई थी, अब रिपोर्ट लिखकर मामले की पड़ताल की जाएगी।

# सांसद करेंगी विकसित भारत संकल्प यात्रा की अगुवाई

## बुढ़ार विकासखण्ड पहुंचेगी भाजपा की भारत संकल्प यात्रा

शहडोल।







केन्द्र सरकार की दर्जनों योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और उसकी जानकारी गांव के अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा बुढ़ार विकासखण्ड के ग्राम गोहरा एवं नगपुरा में 5 जनवरी को पहुंचेगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी बुढ़ार मुद्रिका सिंह ने बताया कि पूरे भारत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, इस यात्रा के माध्यम से जहां गांव-गांव में लोगों को सरकारी विभाग के अधिकारियों के द्वारा शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, इसके साथ ही मौके पर ही योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इससे ग्रामीणों की जिंदगी में जीने की एक नई ताकत आ जाती है। 05 जनवरी को दोनों ग्रामों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अगुवाई और मार्गदर्शन क्षेत्रीय सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह करेंगी।

केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी और लोगों को मौके पर लाभ देने के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा लगातार जारी है। इस संदर्भ में सांसद प्रतिनिधि अर्जुन सोनी बताते हैं कि बुढ़ार विकासखण्ड से लगभग 45 किलोमीटर दूर ग्राम खोहरा एवं नगपुरा में कार्यक्रम का आयोजन है, दोपहर 12 बजे कार्यक्रम की शुरूआत होगी, लगभग 02 घंटे तक आयोजन के उपरांत दूसरे गांव में यात्रा पहुंचेगी। कार्यक्रम के संदर्भ में श्री सोनी ने बताया कि गांव में प्रवेश के दौरान रथ के स्वागत के साथ ही इसकी शुरूआत होगी, इसके उपरांत स्वागत गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। शासकीय योजनाओं से जिन लोगों को जिदंगी बदल गई है, उनके जीवन के सफलता की कहानी उन्हीं की जुबानी यहां अन्य ग्रामीणों को बताई जायेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लगभग 30 मिनट का उद्बोधन होगा, उसके उपरांत प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण और अंत में मुख्य अतिथि का उद्बोधन होगा, कार्यक्रम को वृहद रूप देने के लिये ग्राम व जनपद स्तर पर तैयारियां की जा रही है।

# ग्रामीणों ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन


### दस दिनों के अंदर नहीं हुई कार्यवाही तो बैठेंगे धरने पर



**शहडोल।** ग्राम पंचायत तगावर जनपद पंचायत जयसिंहनगर में पदस्थ सचिव संतोष कुमार गुप्ता, सहायक सचिव शारदा प्रसाद कुशवाहा के द्वारा लगातार मध्य प्रदेश की योजनाएं पर पानी फेरा जा रहा है, जिसके विरोध में ग्राम पंचायत तगावर के पांच गण, 14 पांचों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया तथा ग्रामीण ने भी अभियान में शामिल रहे। मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार मुक्त शासन की मनसा पर सहायक सचिव व रोजगार सहायक पानी फेर रहे हैं, ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार किया जा रहा है जिसकी लगातार शिकायत ग्राम पंचायत तगावर के 17 पंच एवं ग्रामीणजनों द्वारा शहडोल कलेक्टर, जिला पंचायत सी.ई.ओ., अनुविभागीय अधिकारी जयसिंहनगर, जनपद पंचायत सी.ई.ओ. जयसिंहनगर, विधायक ब्यौहारी से की गई, जिसमें आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है एवं मैंने राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सबी बांटी भी जिला पंचायत सी.ई.ओ. से इस मामले की शिकायत की थी और सूचना के अधिकार के तहत मैंने ग्राम पंचायत तगावर में 01 जुलाई 2022 से 30 दिसम्बर 2023 तक के किये गये विकास कार्य की जानकारी मांगी थी, मगर जनपद पंचायत जयसिंहनगर के लिखित आदेश के बाद भी कोई जानकारी नहीं दी गई। कार्यवाही ना होने के वजह सचिव एवं सहायक सचिव के हौसले बुलंद है, ग्रामीणजनों को धमकी देते घूम रहे है कि तुम्हारी शिकायत से हमारा कुछ नहीं बिगड़ने वाला, हमने सारे अधिकारियों को पैसे पहुंचा दिये हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सचिव एवं सहायक सचिव को निलंबित कर मामले की जांच कराई जाये दूध का दूध पानी का पानी हो सके।

# दो बाइक की भिड़ंत में युवक की पिटाई

शहडोल।



एक ओर जहां हिट एंड रन के विरोध को लेकर देश आग भड़की हुई है, तो वहीं दूसरी ओर नगर में दो बाइक में हुए भिड़ंत को लेकर बीच सडक मे विवाद हो गया और देखते ही देखते भीड़ इक_ी हो गई ,भीड़ में कुछ बेखौफ बदमासो ने निहत्थे युवक को बीच सड़क में बेरहमी से लात, घुसो से पिटाई कर दिया, राहत की बात यह रही कि वहां मौजूद भीड़ में लोगों ने उन बदमाशो के चंगुल से पिट रहे शख्स को बचा लिया, बीच सड़क में मारपीट का विडियो वहां मौजूद किसी शख्स ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। जिसे लोग हिट एंड रन से जोड़कर कमेंट्स कर रहे है।

सम्भागीय मुख्यालय रेल्वे फाटक चौक के पास दो बाइक में आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसको लेकर दोनो बाइक चालको में विवाद होने लगा, तभी वहां भीड़ इक_ी हो गई, उसी भीड़ में से कुछ शख्स आए और एक युवक से गाली-गलौच कर विवाद करने लगे और देखते ही देखते दो युवक एक लाचार मजबूर युवक पर टूट पड़े और लात घुसो से उसकी जमकर पिटाई करने लगे, तभी मौजूद भीड़ में लोगों ने उन बदमाशो के चंगुल से पिट रहे शख्स को बचा लिया, हालांकि एक्सीडेंट व इस मारपीट के घटना की शिकायत पुलिस तक नहीं पहुंची है। जिससे पुलिस ने भी कोई एक्शन नहीं लिया, लेकिन इस बीच सड़क में मारपीट का विडियो वहां मौजूद किसी शख्स ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया, जिसमे साफ तौर पर देखा जा रहा कि एक युवक को कुछ लोग कैसे बेरहमी से पिटाई कर रहे है। इस मारपीट का विडियो अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। जिसे लोग हिट एंड रन से जोड़कर कमेंट्स कर रहे है।

वही इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजूलता पटले का कहना है कि मोटरसाइकिल आपस में टकरा जाने के चलते दो पक्षो में आपस में विवाद पर युवक के साथ मारपीट किया गया था, जिस पर किसी ने कोई शिकायत नहीं की, बावजूद इसके मारपीट करने वाले लोगों पर कार्यवाही की गई है।

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठकों के लिए
पाठक पुरस्कार योजना-2023
हरिभूमि के सूधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### खलिहान में रखे तीन बोरी धान की चोरी

**कोतमा।** चौकी फुनगा अन्तर्गत ग्राम पंचायत रक्सा निवासी छविधर मिश्रा ने 31 एवं 1 जनवरी की रात धान चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके घर के खलिहान में रखे तीन बोरी धान को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। शिकायत पर फुनगा चौकी प्रभारी सुमित कौशिक द्वारा तत्काल टीम गठित कर चोरों की तलाश शुरू की गई। 24 घंटे के अंदर ही चोर पकड़े गए जिनके कब्जे से तीन बोरी धान वजन 1 क्विंटल 5 किलो को जप्त कर आरोपी गोपाल अगरिया निवासी रक्सा पर मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। चौकी क्षेत्र में लगातार अपराधों पर अंकुश लगाने का हर संभव प्रयास पुलिस कर रही है, वहीं चौकी प्रभारी सुमित कौशिक का कहना है कि किसी भी आपराधिक गतिविधि को अपने चौकी क्षेत्र में संचालित नहीं होने देंगे।

### आश्वासन के 24 घंटे बाद भी सड़क निर्माण कार्य नहीं हुआ शुरू



**कोतमा।** नगर के वार्ड क्रमांक 8, 9,10 के रह वासियों के द्वारा मंगलवार को उत्कृष्ट विद्यालय तिराहा से लेकर भालूमाड़ा जाने वाली जर्जर सड़क की मरम्मत को लेकर चक्का जाम किया गया था। मौके पर तहसीलदार ईश्वर प्रधान नगर पालिका अध्यक्ष सीएमओ एवं पुलिस हमला पहुंचकर वार्ड वासियों को समस्या के त्वरित निदान का आश्वासन दिया था और तत्काल सड़क का निर्माण कर शुरू करने की बात कही थी। चक्का जाम जैसे ही शुरू हुआ नगर पालिका प्रशासन के द्वारा ठेकेदार को निर्देश देकर उत्कृष्ट विद्यालय के पास सड़क का निर्माण करने के लिए डामरीकरण मशीनों को मौके पर भेज दिया था जिससे लोगों को लगा कि डामरीकरण सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया गया है लेकिन मात्र नगर पालिका के द्वारा दिखावे के लिए ठेकेदार के माध्यम से मशीनों को मौके पर खड़ा करवाया गया था। आश्वासन देने के 24 घंटे बाद भी डामरीकरण सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है मौके पर मात्र दो लेबरों को लगाकर कार्य करवाया जा रहा है ऐसे में लोगों के बीच जन चर्चा बनी हुई है कि नगर पालिका के द्वारा आंदोलनकारियो को आश्वासन का झुनझुना पकड़ा दिया गया है लेकिन नगर पालिका के द्वारा अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं करवाया गया है।
आंदोलनकारी का कहना है कि सड़क का निर्माण कार्य नहीं होने के कारण आए दिन जर्जर सड़क से दुर्घटनाएं घटित हो रही है सड़कों पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं पैदल चलना दुबर हो गया है।

### मतदाता सूची में नाम दर्ज कराएं : कलेक्टर


**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुध्देश कुमार वैद्य ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग व्दारा लोक सभा निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है । 6 जनवरी से मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ होगा । जिसके माध्यम से मतदाता सूची में बीएलओं नाम जोडने, हटाने या संशोधित करने का कार्य कर सकेगे । आयोग मतदाता सूची की शुध्दता पर विशेष जोर दे रहा है। जिले में पदस्थ सभी शासकीय सेवक अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वा लें। उन्होंने कहा कि एसडीएम एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जिले के बाहर नौकरी करने वाले मतदाताओ के नाम मतदाता सूची से हटाने के निर्देश संबंधित बीएलओं को दें।

### विकास के लिये सभी विभाग प्रस्ताव तैयार करें

**उमरिया।** भारत सरकार व्दारा विशेष पिछड़ी जन जाति बैगा के समग्र विकास हेतु विशेष योजना प्रधानमंत्री जन मन योजना संचालित कर रही है। योजना के तहत ऐसे ग्राम जहां बैगा जन जाति के लोग निवास करते है, उनके समग्र विकास में भारत सरकार व्दारा योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु निर्धारित मापदण्ड में छूट प्रदान की है। कलेक्टर ने बताया कि विकास हेतु विभिन्नि विभागों के माध्यम से संचालित 29 इंडिकेटर तय किए गए है । इन इंडिकेटर के तहत विभिन्न विभागों के माध्यम से प्रस्ताव तैयार किए जाने है।

# 6 सालों से बंद विद्यालय बेच रहा टीसी और अंकसूची

## एडीजीपी सहित कलेक्टर, कमिश्नर को साक्ष्यों सहित दी शिकायत










**उमरिया के वार्ड नम्बर 11 में स्थित है ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल**

6 सालों से बंद विद्यालय हवा में संचालित है, यही नहीं संचालक आज भी स्थानान्तरण प्रमाण पत्र के साथ अंकसूचियां बेच रहे हैं, उमरिया मुख्यालय के पते पर संचालित ब्राइट स्टार पब्लिक नाम का काल्पनिक विद्यालय की शिकायत उमरिया कलेक्टर और एसपी के साथ एडीजीपी शहडोल व कमिश्नर को करते हुए धोखाधड़ी का मामला दर्ज करने की मांग की गई है।

उमरिया।

2017 में उमरिया के वार्ड नम्बर 11 में स्थिति ब्राइट स्टार पब्लिक विद्यालय की मान्यता समाप्त कर दी गई थी, उसी समय से विद्यालय भवन में ताला भी लटक गया लेकिन बिना विद्यार्थियों के विद्यालय न सिर्फ संचालित है, बल्कि विद्यालय के संचालक फर्जी समिति दर्शाकर अब अंकसूचियों और स्थानान्तरण प्रमाण पत्र बचने का काम कर रहे हैं, मामले की शिकायत पूर्व में शिक्षा विभाग सहित उमरिया कलेक्टर को की गई, लेकिन गोरखधंधा नहीं रूका, जिसके बाद इसकी शिकायत अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल को करते हुए संचालक मंडल के साहिन अख्तार खान व उसके परिवार के द्वारा बनाई गई जनसमिति संबंधित दस्तावेज देते हुए आफआईआर की मांग की गई है।

### 17 तक मान्यता, संचालन आज भी

पुलिस को दी गई शिकायत में शिकायतकर्ता ने उल्लेख किया है कि साहीन अख्तर खान व पिता खालिक मंसूरी (वैदी) निवासी जिला- उमरिया वार्ड नं. 11 कैम्प में रहने वाले पूरे परिवार के सदस्यों के सहयोगियों द्वारा मिली भगत कर एक समिति का गठन कर ब्राइट स्टार पब्लिक नान से स्कूल उमरिया में अपने निजी निवास में संचालित किया जाता रहा है जिसमें सभी खालिक मंसूरी परिवार जन समिति (स्कूल) में विभिन्न पदों में स्थापित रहकर काम करते रहे जिसकी मान्यता वर्ष 2014 से 2017 तक की शिक्षा विभाग (डी.ओ.) से समिति को प्रदान की गई थी वही साहीन अख्तर, खालिक मंसूरी एवं समिति सदस्यों के द्वारा आर.टी.ई. द्वारा शासन से भी प्रोत्साहन राशि ली जाती रही है।

### पूरा परिवार संचालन समिति में

विद्यालय के संचालन की समिती में 11 नाम दिये गये हैं, जिसमें 08 नाम एक ही घर और परिवार के हैं, सिर्फ 03 सदस्यों को बाहर से दिखाया गया है, श्रीमती अख्तरी बेगम अध्यक्ष, रमजान अली उपाध्यक्ष, हाफिज जुबेर अहमद सचिव, नाहिद अख्तर सहसचिव, समीम अख्तर कोषाध्यक्ष और 03 सदस्य मो. खालिक, उमैर अहमद व मो. नियाज एक ही परिवार से हैं, जबकि दिलीप गुप्ता, संजय केवट व रावेन्द्र रजक भी काल्पनिक सदस्य बनें हुए हैं, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि फर्जी तरीके से केवल दस्तावेजों में छात्रों के नाम पे एस.बी.आई. उमरिया के खाता नम्बर 30382469417 जो कि समिति के सचिव के नाम पर है साहीन अख्तर, खालिक मंसूरी परिवार के सभी सदस्य पद में रहकर आर.टी.ई. के राशि का आपस में ही बटवारा कर अपने- अपने निजी कार्यों में लेते आये है जो कि शासन 25 प्रतिशत सकूल में पढ़नेवाले छात्रों के नाम पे शासन निरन्तर भुगतान करते आई है ।

### धोखाधड़ी व कूटरचना कर रहे

आरोप है कि 2017 में स्कूल की मान्यता समाप्त हो जाने के उपरांत भी बिना मान्यता के बिना आवेदन किये बिना किसी नियम के सहीन अख्तर, खालिक मंसूरी व परिवार के सभी सदस्यों द्वारा सभी को धोखे में रखकर शिक्षा विभाग के चोरी-छिपे कूट रचित दस्तावेज बनाकर छात्रो को फर्जी मार्कसीट टी.सी. निरन्तर कई वर्षों से प्रदान करते आये हैं और अवैध कारोबार कर मनमानी राशि अर्जित करते आये है तथा शिक्षा विभाग एवं शासन के साथ और वहीं अनगिनत छात्रों के आने वाले भविष्य को बर्बाद करते हुये धोखाधड़ी का कार्य कई वर्षों से निरन्तर करते रहे है।




# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायतों में हुए कार्यक्रम

**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 2 जनवरी को मानपुर जनपद पंचायत के कोड़ार, ददरौड़ी, पतौर, पटेहरा, करकेली जनपद पंचायत के धवईझर, सस्तरा, माली, बडागांव तथा पाली जनपद पंचायत के कुसमहाखुर्द में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मानपुर जनपद पंचायत में पटेहरा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल ने कहा कि हमारा संकल्प विकसित भारत का है। उन्होंने कहा कि डीबीटी, बिजली, पानी, शौचालय जैसी सुविधाएं मिलने पर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो का जीवन स्तर उंचा उठा है। इन योजनाओं ने ग्रामीण व्यक्तियो में सम्मान और सुरक्षा के भाव से भर दिया है।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरीश विश्वकर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से जन जन तक पहुंचकर उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ते हुए हितलाभ प्रदान करना है। यह यात्रा 26 जनवरी तक अनवरत अलग अलग स्थानों मे आयोजित की जाएगी। जिसका मुख्य उद्धेश्य अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को पहली पंक्ति पर लाना है।
कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग, मध्यप्रदेश जल निगम, स्वास्थ्य विभाग, उज्जवला योजना, जन जातीय कार्य विभाग, आयुष विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशु पालन विभाग, उद्योग विभाग एवं स्टेट बैंक द्वारा बीमा योजना से सम्बंधित स्टाल लगाए गए एवं योजनाओ की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग व्दारा ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।
जिले की तीनों जनपद पंचायतों की ग्राम पंचायतों मे आयोजित शिविर में 1152 ग्रामीण जन शामिल हुए । इस अवसर पर 140 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण, 115 व्यक्तियो की टीबी जांच, 115 व्यक्तियों की सिकल सेल की जांच की गई । शिविर मे दो स्व सहायता समूह व्दारा अपनी गतिविधियों से संबंधित स्टाल गये थे, जिसका अवलोकन भी ग्रामीणों ने किया। मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम के तहत 12 हितग्राहियों ने अपने आत्मनिर्भरता की कहानी सुनाई और लोगों को भी स्वरोजगार स्थापित करने प्रेरित किया ।
इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, नागेन्द्र पटेल, वीरेन्द्र पटेल, लवकुश पटेल, सरपंच अजय सिंह, ठाकुर राम, टेमन लाल साहू, पंच मेट आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगनी ऊषा साहू, पटवारी रामप्रसाद रौतेल, स्वास्थ्य विभाग से ओ.पी. शुक्ला, मनोरमा पटेल, रुपाली मिश्रा, जनपद से बिरेन्द्र सिंह, अमित कुमार बैगा, भूपेन्द्र गौतम, रामप्रकाश तिवारी के साथ बहुतायत में जनमानस उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से

# योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाना है : विधायक





उमरिया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत करकेली जनपद पंचायत के ग्राम पठारी में विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पठारी में आयोजित यात्रा को संबोधित करते हुए विधायक शिव नारायण सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाना है। योजनाओं का लाभ लेकर जीवन में क्रांति लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कृषि के क्षेत्र में किसानों को अत्याधुनिक कृषि यंत्र प्रदाय कर खेती किसानी को लाभ का धंधा बना दिया है। जल जीवन मिशन के माध्यम से नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से गैस चूल्हा उपलब्ध कराया गया है ताकि महिलाओं को धुंआ से बचाया जा सके उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के जीवन में खुशहाली लाना इस यात्रा का उद्देश्य है। उन्होंने ग्रामीणों का आव्हान किया कि वे भी आगे आये और शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ उठाये। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम को अन्य जनप्रतिनिधियों व्दारा भी संबोधित किया गया। नौरोजाबाद के नायब तहसीलदार राम सिंह धुर्वे के द्वारा सरकार के द्वारा राजस्व विभाग के माध्यम से मिल रही सरकारी योजनाओं के बारे मे बताया गया, तत्पश्चात कृषि विकास अधिकारी भूमिका तिवारी के द्वारा कृषि विभाग के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद सदस्य पूजा सुरेश बैगा, चंद्र भान सिंह, सुमन सिंह इंजीनियर राजेश त्रिपाठी, सचिव ग्राम पंचायत कमलेश चौधरी, ग्राम पंचायत पठारी के सरपंच गोविन्द प्रसाद गौतम सहित अमनीष तिवारी सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पठारी मे आयोजित कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग, मध्यप्रदेश जल निगम, स्वास्थ्य विभाग, उज्ज्वला योजना एवं बैंक द्वारा बीमा योजना से सम्बंधित स्टाल लगाए गए एवं योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग व्दारा ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि ने बताया कि ड्रोन के माध्यम से आसानी से कीटनाशक दवाईयों एवं उवर्रक का छिड़काव खेतो में किया जा सकता है। कार्यक्रम के हितलाभ का वितरण भी किया गया।

## आए दिन घटित हो रही दुर्घटना, कार्यवाही की दरकार

# कृषि कार्य के ट्रैक्टरों का धड़ल्ले से किया व्यावसायिक उपयोग

**कोतमा।** कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का नगर सहित कोयलांचल क्षेत्र में व्यावसायिक उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिससे शासन को लाखों रुपए के टैक्स की हानि तो हो ही रही है,वहीं दुर्घटना होने पर लोगों को क्लेम लेने में भी परेशानी आती है। परिवहन विभाग में ट्रैक्टर-ट्रॉली का पंजीयन कृषि उपयोगी कार्यों के लिए होता है, लेकिन कोतमा सहित कोयलांचल क्षेत्र मे लंबे समय से सड़कों एवं हाइवे पर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। परिवहन विभाग ना ही पुलिस विभाग द्वारा इस दिशा मे कोई बड़ी कार्यवाही की जाती ट्रैक्टर ट्रॉली नगर सहित पूरे क्षेत्र मे कृषि कार्य के नाम से पंजीकृत वाहन सड़कों पर रेत,मुरूम, मिट्टी ढोने में उपयोग होता है।

### नाम कृषि का काम व्यवसाय का

नगर एंव आसपास के क्षेत्रो मे सैकड़ों की संख्या मे ट्रैक्टर धड़ल्ले से सड़कों पर दौड़ रहे हैं जो कृषि कार्य के नाम से लिए जाते हैं जिसमे कृषको के नाम से अनुदान भी प्राप्त होता है और ऐसे वाहनो से खनन से जुड़े माफियाओं द्वारा रेत, बोल्डर, गिट्टी एवं मुरुम सहित मालवाहक के रुप मे अवैध रुप से उपयोग किया जाता है । इस दिशा मे परिवहन विभाग एवं पुलिस अधिकारी चुप्पी साधे हुए है।

### आए दिन घटित होती है दुर्घटना

बताया जाता है कि ट्रैक्टर ट्रॉलियों में सिग्नल नहीं होने एवं इंजन की एक हेड लाइट जलाकर तेज एवं लापरवाह पूर्वक चलाने के कारण आए दिन कोयलांचल क्षेत्र में सड़क दुर्घटना घटित हो रही है। बेलगाम होकर दौड रहे ट्रैक्टरों से क्षेत्र के कई राहगीरों को मौत की नींद सुलाकर फरार हो जाते हैं। पूर्व मे इसी प्रकार भालूमाड़ा बेलिया बडी के पास एवं केवई पुल पथरौडी मे भी हादसे मे लोगो की जान जा चुकी है। मगर इसके बाद भी विभाग के ध्यान न देने के कारण हादसो मे इजाफा हो रहा है।

### क्या है नियम

जानकारी के अनुसार खेती-किसानी का काम करने वाले किसानों द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली खरीदने पर शासन ने उन्हें कर मुक्त रखा है। अगर कोई व्यक्ति ट्रैक्टर-ट्रॉली खरीद कर उसका व्यावसायिक उपयोग कर रहा है तो उसे ट्रैक्टर-ट्रॉली का अलग-अलग पंजीयन कराना होता है। इसके लिए परिवहन विभाग में बतौर पंजीयन राशि जमा करवानी होती है। संबंधित व्यक्ति को प्रत्येक दो साल बाद पंजीयन का रिन्युअल कराना भी आवश्यक है। लेकिन इन सभी नियमों को दरकिनार कर कोतमा सहित पूरे क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का कृषि कार्य में कम व्यावसायिक उपयोग ज्यादा हो रहा है। व्यावसायिक कार्यों से परिवहन विभाग को भी हर माह लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान होता है। फिर भी विभाग के अधिकारी इन पर कार्यवाही नहीं करते हैं। एक ओर सरकार किसानों को कृषि कार्य के संसाधनों व यंत्रों पर लाखों रुपए का अनुदान देती है दूसरी तरफ व्यवसायी किसानों की आड़ में शासन से अनुदान प्राप्त कर ट्रैक्टर-ट्रॉली खरीदकर खनिज परिवहन में उपयोग करते हैं। परिवहन कार्यालय के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली का कमर्शियल उपयोग के लिए पंजीयन



शुल्क पांच हजार रुपए से अधिक होता है। एक प्रतिशत परिवहन के नाम पर लिया जाता हैं। परिवहन विभाग के रिकॉर्ड अनुसार जिले में ट्रैक्टर-ट्रॉली का पंजीयन कमर्शियल उपयोग के लिए नहीं करवाया गया है। इससे यातायात नियमों का उल्लंघन हो रहा है साथ ही सड़कों पर तेज गति से दौड़ते ट्रैक्टर से हादसों को निमंत्रण दे रहे हैं।

### नाबालिग व नौसिखिया दौड़ाते हैं ट्रैक्टर

कोयलांचल क्षेत्र एंव कोतमा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैक्टर मालिक ट्रैक्टर नाबालिग, नौसिखिया को भी चलाने के लिए दे देते हैं। जिनके पास इनका लाइसेंस तक नहीं होता। शहर में ट्रैक्टर सड़कों को खेत की तरह जोत रहे हैं। लाइसेंस जांच से लापरवाह ट्रैक्टर ड्राइवरों को एक हाथ में मोबाइल और दूसरे में स्टीयरिंग लिए देखा जा सकता है लेकिन पुलिस उन्हें देखकर भी आंख मूंदे रहती है। घनी आबादी के बीच तेज आवाज में गाना बजाते सुबह-दोपहर-शाम बेलगाम रफ्तार से चलने वाले ट्रैक्टरों को रोकने वाला कोई नहीं दिखता प्रशासिनक जांच और कार्यवाही में शिथिलता बरती जा रही है। प्रशासनिक नियंत्रण नहीं रहने का परिणाम है कि नगर के गलियों में भी काफी स्पीड से ट्रैक्टर का परिचालन जारी है।सड़क पर तेज गति से ट्रैक्टर गुजरने से लोग काफी भयभीत रहते हैं। शहर में बाइक परिचालन के लिए हेलमेट दस्तावेज की जांच हो रही है लेकिन ट्रैक्टर परिचालन से संबंधित सुरक्षा मानक की जांच नहीं हो रही है। जब कभी जांच में बिना लाइसेंस ट्रैक्टर चलाते पकड़े जाने पर संबंधित विभाग द्वारा केवल जुमार्ना वसूली कर अपना कोरम पूरा कर लेते हैं।

### इनका कहना है

अभियान चलाकर ऐसे वाहनों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। जल्द ही सघन चेकिंग अभियान शुरू किया जाएगा।

सुरेंद्र सिंह, जिला परिवहन अधिकारी अनूपपुर

# निगवानी में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की बैठक संपन्न

जमुना/बदरा।

2 जनवरी को सेक्टर क्रमांक 01 निगवानी में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों सीएमसीएलडीपी छात्रों की सेक्टर स्तरीय बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत भवन निगवानी में किया गया। छात्रों क्षेत्रीय भ्रमण प्रोफाइल अपडेट शासकीय योजनाओं का क्रियानवन जल संरक्षण की जानकारी एवं दीवाल लेखन कर जागरूकता कार्य किया गया एवं आंगनबाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी स्वच्छता एवं पोषण की जानकारी प्रदान किया। ग्राम रेउसा में प्रस्फुटन समिति की बैठक में सहभागिता की बैठक की अध्यक्षता जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष हनुमान गर्ग जनपद सदस्य अभिषेक सिंह एवं विकासखंड समन्वयक सरिमन सकते एवं नाजिर खान के द्वारा किया गया बैठक आयोजन परामर्शदाता पार्वती वर्मा के द्वारा किया गया बैठक में सीमसीएलडीपी के समस्त छात्रों उपस्थित हुए।







# अक्षत कलश और आमंत्रण पत्र वितरण के संबंध में हुआ बैठक का आयोजन



**कोतमा।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से आये अक्षत कलश और आमंत्रण पत्र वितरण के संबंध में कोतमा नगर के सभी राम भक्तों का आदिशक्ति पंचायती मंदिर में बैठक आयोजित किया गया। बैठक मे सर्वसम्मति से संचालन समिति द्वारा प्रत्येक वार्डों में अक्षत और आमंत्रण पत्र सभी धर्म प्रेमी जनों के घर घर जाकर अयोध्या रामलला के दर्शन करने जाने हेतु आमंत्रित किया जाएगा। राम भक्तों की टोली 1 से 15 जनवरी तक वितरण का कार्य करेगी श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह कोतमा नगर में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह 16, जनवरी मंगलवार को सभी मंदिरों में सामूहिक सुंदरकांड का पाठ करना है। 17 ,जनवरी बुधवार महाआरती 18,जनवरी गुरुवार भजन सत्संग 19, जनवरी शुक्रवार शक्ति उपासना (दुर्गा चालीसा आदि) के कार्यक्रम करना है। 20 जनवरी शनिवार को सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ, 21 जनवरी रविवार प्रभात फेरी, 22 जनवरी सोमवार सभी मंदिरों में एलसीडी प्रोजेक्टर स्क्रीन लगाकर सीधा प्रसारण देखना है और तदनुसार अपने-अपने स्थान पर धार्मिक अनुष्ठान करना है। तत्पश्चात हवन, आरती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम करना है। इस दिन अपने घरों को सजाना है और सायंकाल 11 घी के दीपक जलाकर प्रभु श्रीराम की सपरिवार स्तुति-आरती करना है।

## खबर संक्षेप

### चलाया गया विशेष स्वच्छता श्रमदान''



**रीवा ।** नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अन्तर्गत आज विशेष स्वच्छता श्रमदान की गतिविधि का आयोजन ऋतुराज पार्क, विवेकानंद पार्क के साथ ही टूरिस्ट एरिया वेंकट भवन, किला परिषर में आईईसी टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगो को एकत्रित कर श्रमदान का कार्य किया गया साथ ही स्वच्छता के विषय में लोगो को जागरुक किया गया एवं स्वच्छता की सपथ दिलाई गई। अपने शहर को साफ-स्वच्छ बनाए रखने में जनभागी दारी निभाएं जाने हेतु सभी नागरिकों से अपील की गई।

### सम्पत्ति कर की मूल राशि पर 4 प्रतिशत की छूट का लाभ उठाएं

**रीवा।** वित्तीय वर्ष 2023-2024 का सम्पत्ति कर जमा करने पर 4 प्रतिशत की छूट मूल सम्पत्ति कर पर दी जा रही है। नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत ऐसे भवन, भूमिस्वामी जो वित्तीय वर्ष 2023-2024 का सम्पत्तिकर अभी जमा नहीं किए हैं, वह मूल सम्पत्ति कर पर 4 प्रतिशत छूट का लाभ लेवें। साथ ही ऐसे भवनस्वामी जिन्हे स्वयं के निवास करने पर 50 प्रतिशत सम्पत्तिकर में छूट दी जाती है, वह भी शीघ्र जमा करें, अन्यथा वित्तीय वर्ष समाप्ति पर मिलने वाली 50 प्रतिशत छूट से वंचित हो जावेंगे। निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन ने रीवा शहर के नागरिकों से अनुरोध किया है कि वह अपने भवन/भूमि का सम्पत्तिकर जमा कर दी जा रही छूट का लाभ उठावें और नगर विकास में अपना सहयोग प्रदान करें।

### लीज नवीनीकरण करायें प्रशमन प्रभार व अर्थदण्ड से बचें

**रीवा ।** नगर पालिक निगम रीवा में वेष्ठित पूर्व रीवा सुधार न्यास की आवासीय एवं व्यावसायिक योजना नेहरू नगर, इंदिरा नगर, यातायात नगर, शोरूम काम्पलेक्स, तानसेन काम्पलेक्स, अम्बेडकर बाजार, कोठी कम्पाउंड व्यंकट बाजार, गुढ़ चौराहा, हेडगेवार नगर एवं जयप्रकाश नारायण नगर आदि में जिन हितग्राहियो को 31 मार्च 1994 तक भूखंड, भवन, दुकान, हॉल, फ्लैट आदि 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, उनका मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अचल सम्पत्ति का अंतरण नियम 2016 एवं संशोधित नियम 2021 के नियम 17 प्रावधान के अन्तर्गत लीज नवीनीकरण कराया जाना आवश्यक है। निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन ने अनुरोध किया है कि उक्त आवासीय एवं व्यवसायिक योजनाओं के हितग्राही लीज नवीनीकरण हेतु नगर निगम कार्यालय रीवा में आवेदन प्रस्तुत कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करावें और प्रशमन प्रभार, शास्ति एवं अन्य अर्थदण्ड से बचें।

### आभार यात्रा में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारी तैनात

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 5 जनवरी को रीवा में आयोजित आभार यात्रा में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री आमसभा को संबोधित करने के साथ समीक्षा बैठक में सभाग के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव के दौरे के विभिन्न कार्यक्रमों में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कार्यपालिक दण्डाधिकारी तैनात किए हैं। कलेक्टर ने अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह को कानून और व्यवस्था के लिए संपूर्ण रूप से जिम्मेदारी सौंपी है। उनके अधीन सभी अधिकारी तैनात रहेंगे।

# फर्जी टेस्टिंग लैब पर लोक निर्माण विभाग मेहरबान

## एफआईआर दर्ज करवाने के बजाय कर रहा उपकृत

लोक निर्माण विभाग संभाग रीवा से सनसनीखेज खुलासा हुआ है। मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग रीवा परिक्षेत्र को जिस पर ठगी का एफआईआर दर्ज करवा कर सलाखों के पीछे करवाना चाहिये, उस मेहबानी बरसाई जा रही है।

रीवा !




जांच में यह सिद्ध हो गया कि अवधिया कन्सल्टेसीं एंड टेस्टिंग लैब की दीवार कूट रचित दस्तावेजों से खड़ी की है। ऐसी फर्जी कंपनी पर कैसे विश्वास किया जा सकता है कि विभाग के अंदर बनने वाले बिल्डिंग सहित अन्य निर्माण कार्य का आंकलन सही होगा? विभागीय सूत्र बताते है कि बीते एक माह से अवधिया कन्सल्टेसीं एंड टेस्टिंग लैब का डायरेक्टर तालाब से निकली मच्छली की तरह फडफ़ड़ा रहा है। कार्यपालन यंत्री तक की उसकी दौड़ तो निरर्थक निकली लेकिन मुख्य अभियंता की सीढ़ी चढन्ना उसका सार्थक दिख रहा है। विभागीय सूत्र तो यहां तक भी कहते है कि आखिर बकरे की मां कब तक खैर मनायेगी। एक न एक दिन तो उसके गुनाहों की सजा मिलनी तय है। फिलहाल अभी उसकी किस्मत के दरवाजे खुले है तभी तो लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारी उस पर कृपा बरसा रहे है, कृपा क्यों बरसा रहे है यह तो शोध का विषय है। बताते चले कि प्रदेश सरकार के कई विभाग जैसे पीडब्लूडी, शिक्षा विभाग, ट्राइबल विभागों में तकनीकी अमला नहीं होता। शासन ने उसकी पूर्ति के लिए लोक निर्माण विभाग (भ/स) के मुख्य अभियंता को पूरे जोन में इस तरह के काम हेतु एक तकनीकी एक्सपर्ट नियुक्त किये जाने का अधिकार दिया है। जिसमें अनुभवी तकनीकी एक्सपर्ट रखा जाना था जिससे की कार्यो में गुणवत्ता बनी रहे। लेकिन निजी स्वार्थ के चलते लोक निर्माण विभाग ने अवधिया कन्सल्टेसीं एंड टेस्टिंग लैब के डायरेक्टर से हाथ मिलाया जिसके पास तकनीकी का कोई अनुभव ही नही है। इस बात का खुलासा हुए एक माह गुजर गया आश्चर्य की बात है कि लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग रीवा परिक्षेत्र ने उस पर फर्जी दस्तावेज संलग्र किये जाने पर ठगी का अपराध दर्ज करवाने के बजाय काम पर काम दिये जा रहे हैं।

### तीन सदस्यी टीम ने की थी जांच,

शिकायकर्ता की शिकायत पत्र पर अमल करते हुए विभाग ने अवधिया कन्सल्टेसीं एंड टेस्टिंग लैब में लगे आरोपों की जांच करने के लिए तीन सदस्यी टीम का गठन किया था। जिसमें जांच के दौरान निकल कर सामने आया कि अवधिया कन्सल्टेसीं एंड टेस्टिंग लैबोरिटी रामपुर बघेलान जिला सतना द्वारा एसक्यूसी इम्पैनल प्राप्त करने के लिए मुख्य रूप से कार्यालय प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यात्रिंकी सेवा भोपाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद बिजुरी जिला अनूपपुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी न्यू रामनगर जिला सतना का अनुभव प्रमाण पत्र एंव प्रिया कापरी एंड एसोसियेट भरहुत नगर सतना चार्टड एकाउंटेट द्वारा यूडीआईएन से जारी टर्न ओवर सर्टीफिकेट वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2021-22 तक संलग्र किया गया है। जिसकी तहकीकात किये जाने पर जानकारी निकल कर सामने आई कि अवधिया कन्सल्टेसीं एंड टेस्टिंग लैब द्वारा बिल्डिंग मेन्टेनेंस के एसक्यूसी के रूप में इम्पैनल प्राप्त करने के लिए कूट रचित अभिलेख विभाग में प्रस्तुत किया जाकर इम्पैनल प्राप्त किया गया है। साथ ही तीन सदस्यी टीम ने 8 दिसबंर 2023 को अपने पत्र क्रमांक 888/23 में इस बात का उल्लेख किया है कि कूट रचित दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने के आरोप में अवधिया कन्सल्टेसीं एंड टेस्टिंग लैब के डायरेक्टर पर कार्यवाही की जाये।

# तेज ध्वनि वाले साइलेंसरों पर चला रोड-रोलर

### यातायात पुलिस ने 120 मॉडिफाइड साइलेंसरों का किया नष्टीकरण

**रीवा।** बुलेट मोटर बाइक में मॉडिफाइड साइलेंसर का इस्तेमाल करने वालों पर रीवा की यातायात पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। यातायात थाना के सामने तेज आवाज वाले 120 मॉडिफाइड साइलेंसरों पर पुलिस ने रोड रोलर चलवा दिया। ये ऐसे साइलेसर हैं, जिनमें पटाखा फूटने और गोली चलने या फिर तेज कर्कश आवाजें आती थीं। बुधवार को यातायात पुलिस ने ऐसे ही साइलेंसरों का नष्टीकरण किया है। यातायात उप पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा ने बताया कि बाइक चालक खासकर कि युवा वर्ग में कंपनी द्वारा दिए गए साइलेंसरों को हटाकर तेज कर्कश वाले साइलेंसर बाइक में लगाए जाते हैं। ऐसे साइलेंसर लगवाना पूरी तरह से गैरकानूनी है। इनमें से निकलने वाली आवाज काफी तेज और भयावह होती है, जो आम आदमी और राहगीरों को परेशान करती है। पर कुछ लोग ऐसा करके कानून का उल्लंघन करते हैं, जो उदण्डता की श्रेणी में आता है। जिस कारण ऐसी गाड़ियों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत साइलेंसर की ज़ब्ती की कार्यवाही की गई थी जिन्हें आज नष्ट किया गया है। गाड़ियों में इस प्रकार के साइलेंसर लगवाने वाले लोगों के विरुद्ध आगे भी कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### मॉडिफाइड साइलेंसरों को बेचने वालों दुकानदारों पर भी होगी कार्रवाई



यातायात उप पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा ने बताया कि उन दुकानदारों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है, जो ऐसे साइलेंसरों की बिक्री कर रहें हैं। आज 120 साइलेंसरों का रोड-रोलर चलाकर नष्टीकरण किया गया है। ताकि अन्य लोगों तक भी एक कड़ा संदेश पहुंचे। इसके पहले भी ऐसी कार्यवाही की जा चुकी है।

# नए वर्ष पर युवाओं ने ठंड में आदिवासी बच्चों को वितरण किया गर्म कपड़े

### चेहरे पर आई मुस्कान

बिरसिंहपुर पाली।



नव वर्ष के अवसर पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा निरंतर देश, समाज व विद्यार्थियों के लिए कार्य करते आ रही है। इसी क्रम में बढ़ती ठंड को ध्यान देते हुए पाली नगर के विभिन्न वरिष्ठ जन व अधिकारियों के सहयोग से 100 जरूरतमंद परिवारों, बच्चों, महिला वृद्ध जनों को स्वेटर गर्म कपड़े कंबल शॉल का वितरण किया गया। इस पुनीत कार्य में पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे, आरक्षक दिलीप सिंह राठौड़, वरिष्ठ समाजसेवी बबलू खंडेलवाल, धीरेंद्र शर्मा(धीरू भैया), गोपाल वासवानी, भारतीय सिंधु सभा अध्यक्ष नितिन वासवानी, महा मंत्री प्रकाश सीतपाल, वैष्णवी स्कूल नौरोजाबाद संस्थापक राजमणि सिंह, श्रीधर राव प्रदीप सोनकर, अमित शिवहरे, सुभाष अग्रवाल स्पर्श अग्रवाल, पारस गौतम, रविनेश चतुर्वेदी, सचिव देवेंद्र द्विवेदी, सहयोग से जरूरतमंद लोगों को स्वेटर कंबल वितरण किया गया। टीम लीडर हिमांशू तिवारी ने कहा कि वस्त्रदान अभियान ठंड आरंभ होते ही शुरू कर दिया गया था। वही जरूरतमंद लोगों को चिन्हित करके 2024 के पहले दिवस पर जरूरतमंद सभी बच्चे वृद्ध महिलाओं को स्वेटर कंबल सॉल्व ठंड से बचाव हेतु उपहार स्वरूप भेंट किया गया। युवाओं की इस पहल के जिले के वासियों ने काफी सराहना भी की। वितरण के दौरान हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,शिखा बर्मन, पूजा बैगा,अंजली सिंह,माधवी कोल,रजनी बैगा, साहिल बैगा व सभी उपस्थित रहे। पाली थाना प्रभारी मदन लाल मरावी ने युवा टीम की सराहना करते हुए कहा कि ठंड में यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है जो जरूरतमंद परिवार व बच्चे हैं उन्हें ठंड से बचाव के वस्त्र दान पहल सराहनीय है हम सभी को आगे जाकर युवाओं इस पहल पर भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों तक गर्म कपड़े पहुंच सके।

# मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों के संबंध में कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से दिए निर्देश

### समीक्षा बैठक में संभाग की प्रमुख उपलब्धियों को प्रस्तुत करें - कमिश्नर

रीवा !




मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 5 जनवरी को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव कालेज चौराहे से लेकर सांई मंदिर तक आयोजित आभार यात्रा में आमजनता से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री एनसीसी मैदान टीआरएस कालेज में आयोजित आमसभा में निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा भूमिपूजन करने के बाद आमजनों को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में रीवा संभाग में शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। रीवा संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि समीक्षा बैठक में रीवा संभाग की प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। इसमें सड़क, सिंचाई, कृषि, शिक्षा तथा अन्य विभागों की प्रमुख योजनाएं शामिल हैं। सभी अधिकारी समीक्षा बैठक में संभाग में एक दशक में हुई प्रमुख उपलब्धियों की जानकारी प्रस्तुत करें।

कमिश्नर ने कहा कि समीक्षा बैठक में सांसदगण, मंत्रीगण तथा विधायकगण भी शामिल होंगे। संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर सांसद तथा विधायकगणों को उचित माध्यम से बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित करें। बैठक के लिए तैयार की गई सभी जानकारियाँ तथा उपलब्धियों को कलेक्टर आज ही अद्यतन करा दें। इस जानकारी में विकसित भारत संकल्प यात्रा की उपलब्धियों को भी अनिवार्य रूप से शामिल करें। बैठक में संबंधित जिले के कलेक्टर और संभागीय अधिकारी विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत करेंगे। जिलों में प्रशासनिक गतिविधियों में यदि कोई नवाचार किया गया है तो उसे भी कलेक्टर बैठक की जानकारी में शामिल कराएं। बैठक की जानकारी में रीवा के साथ मऊगंज तथा सतना के साथ मैहर जिले की जानकारी प्रस्तुत करें। सभ्ज्ञी कलेक्टर पूरी तैयारी के साथ बैठक में उपस्थित रहें। बैठक में कानून और व्यवस्था की स्थिति, बिजली की आपूर्ति, खाद की उपलब्धता तथा वितरण, धान उपार्जन, जलजीवन मिशन तथा बाणसागर परियोजना से स्वीकृत सिंचाई परियोजनाओं के लंबित कार्यों, सीधी-सिंगरौली निर्माणाधीन हाईवे तथा उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण की भी समीक्षा की जाएगी। सभी अधिकारी पूरी तैयारी के साथ बैठक में आएं। बैठक में कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने बताया कि मऊगंज जिले में निराश्रित गौवंश को आश्रय देने के लिए गौ सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आमजनता से निराश्रित कम से कम एक गौवंश को अपने घर में रखकर उसकी सेवा के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मऊगंज जिले के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के पर्यटन स्थल के रूप में विकास के लिए भी कार्ययोजना बनाई गई है। कमिश्नर कार्यालय से कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, संयुक्त आयुक्त निलेश परीख बैठक में शामिल हुए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा संभागीय अधिकारी शामिल हुए।

# विधायक ने संकल्प यात्रा में हितलाभ और प्रमाण-पत्र वितरण किया



### संकल्प यात्रा जन-जन तक पहुंच रही है शासन की योजनाओं के लाभ प्रदीप पटेल

मऊगंज।

जिले भर में लगातार विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है इस यात्रा के तहत लगाए गए शिविरों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी से शासन की सभी प्रमुख योजनाओं की जानकारी आम जनों को दी जा रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा हनुमना जनपद पंचायत के ग्राम कोलहा में आयोजित की गई। इस शिविर का शुभारंभ विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने किया इस अवसर पर विधायक पटेल ने कहा कि हमारी सरकार क्षेत्र के विकास और गरीबों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। क्षेत्र वासियों को मऊगंज जिले के रूप में सौगात मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा से विकास योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंच रहा है। सभी अधिकारी शिविर में आए हितग्राहियों को पात्रता का परीक्षण कर योजनाओं का लाभ दें। विधायक पटेल हितग्राहियों को हितलाभ तथा प्रमाण-पत्र का वितरण किये।

### कलेक्टर ने तीन अधिकारियों को दिया नोटिस

**रीवा ।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया है। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित की गई समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण न करने पर नोटिस दिया गया है। अधिकारियों को तीन दिवस की समय सीमा में अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। समय सीमा का पालन न करने तथा उत्तर संतोषजनक न होने पर मध्यप्रदेश लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी मऊगंज महेश पटेल को समय सीमा में जन्म प्रमाण पत्र तथा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी न करने पर नोटिस दिया है। इसी तरह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हनुमना अजय सिंह को भी निर्धारित समय सीमा में मृत्यु प्रमाण पत्र तथा जन्म प्रमाण पत्र जारी न करने पर नोटिस दिया गया है। थाना प्रभारी मनगवां अनूप उइके को आवेदक को मर्ग इंटिमेशन की छायाप्रति समय सीमा में न देने पर नोटिस दिया गया है।

# कड़ाके की सर्दी में नहीं जल रहे अलाव, ठंड से लोग परेशान, नगर प्रशासन मौन



**मऊगंज** जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड से गरीबों, असहायों और यात्रियों के लिए फजीहत बढ़ गई है। लेकिन, इससे बचाव के लिए सार्वजनिक स्थानों पर नगर प्रशासन की ओर से अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि सूत्रों की माने तो अलाव के संबंध में शासन पहले ही नगर निकायों को पत्र जारी कर चुका है कि लोगों को ठंड से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की जानी चाहिए। लेकिन मऊगंज, हनुमना,नईगढ़ी मे नगर परिषद द्वारा कोई व्यवस्था नही की गई है।बाजार, ब्लाक चौराहा, हॉस्पिटल परिसर, सहित सब्जी मंडी बाजार में आवागमन करने वाले लोगों को ठंड से काफी दुश्वारियां उठानी पड़ रही हैं। दिसंबर माह आखिरी चल रहा है। लेकिन नगर का जिम्मेदार अमला, निकाय प्रशासन मौन है। तों वही नगर में शीतलहर जैसी स्थिति निर्मित हुई है इस कड़ाके की सर्दी में लोग आग को सहारा बनाना शुरु कर दिया है। इस कड़ाके की सर्दी में नगर निकाय अभी भी अनजान बना हुआ है। ग्रामीणों सहित मुसाफिरों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। पड़ रही कड़ाके की सर्दी से क्षेत्र में लोग बेहाल दिखे। ग्रामीण क्षेत्र से बाजार सहित आवश्यक कार्य के लिए आए ग्रामीणों को चाय-पान की दुकानों पर भट्टियों का सराहा लेते दिख रहे है। क्षेत्रीय लोगों ने ठंड को देखते हुए तत्काल बाजार सहित सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप



### जल जीवन मिशन के कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में जल जीवन मिशन अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एच.एस. धुर्वे तथा सहायक यंत्री व उपयंत्री उपस्थित थे। बैठक में जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 429 परियोजनाओं में 133 कार्य पूर्ण होने की जानकारी दी गई। बताया गया कि वर्तमान में 9 हजार परिवारों को नल से जल प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। बैठक में ग्राम पिपरहा, गोरसी, डडईबहरा, चन्द्रौठी में भूमि संबंधी अवरोध को दूर किए जाने के संबंध में अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को तथा ग्राम फुलकोना में वन विभाग को निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने 9 हजार नल कनेक्शन ग्रामीण परिवारों को प्रदान करने के तहत मासिक लक्ष्य के विरूद्ध प्रतिदिन के कार्यों की प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय अवधि में कार्यों को पूर्ण करने के लिए विभागीय अधिकारियों को गति बढ़ाए जाने के लिए ज्यादा प्रयास करने की आवश?यकता पर बल दिया। उन्होंने 40 परियोजनाओं में विद्युतीकरण संबंधी समस्याओं का निराकरण एक सप्ताह में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने 133 नल-जल परियोजनाएं जो पूर्ण हो चुकी है के सत्यापन तथा प्रगतिरत कार्यों के रेण्डम जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेक्टर अधिकारियों के माध्यम से रेण्डम जांच चेकलिस्ट अनुसार कराई जाएगी।

### जवाहर नवोदय विद्यालय चयन प्रवेश परीक्षा 20 जनवरी को

**अनूपपुर।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल नई दिल्ली द्वारा आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय चयन प्रवेश परीक्षा 2024 कक्षा 6 वीं की परीक्षा 20 जनवरी 2024 दिन शुक्रवार को अनूपपुर जिले की 12 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। उक्ताशय की जानकारी जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक के प्राचार्य एस.के. राय ने दी है। उन्होंने बताया है कि परीक्षा केन्द्र शासकीय बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल कोतमा में 264, शासकीय बालिका हायर सेकेण्डरी स्कूल कोतमा में 240, शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल अनूपपुर में 240, शासकीय बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल राजनगर में 144, शासकीय मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल अनूपपुर में 144, शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल जैतहरी में 360, शासकीय बालिका हायर सेकेण्डरी स्कूल जैतहरी में 360, शासकीय एकलव्य हायर सेकेण्डरी स्कूल अनूपपुर में 480, शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल लखौरा में 432, शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पुष्पराजगढ़ में 240, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भेजरी में 240 तथा शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल जैतहरी में 240 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2024-25 कक्षा 6 वीं के परीक्षा हेतु एडमिट कार्ड डाउनलोड होने शुरू हो गए हैं। सभी स्कूल जहां बच्चे पांचवी में अध्ययनरत है और उन्होंने आवेदन किया हुआ है उन बच्चों के अभिभावक, शिक्षक एडमिट कार्ड डाउनलोड करा सकते हैं। परीक्षा केन्द्रों पर एडमिट कार्ड लाना अनिवार्य है।

### खाद्य संबंधी समस्या नागरिक डीजीआरओ को करा सकते हैं दर्ज

**अनूपपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के संचालक के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत बाह्य शिकायत निवारण तंत्र जिला शिकायत निवारण अधिकारी (डीजीआरओ) को नागरिक, उपभोक्ता सीएम हेल्पलाईन 181 पर कॉल करके अथवा ऑनलाईन शिकायत दर्ज करा सकते है। इस हेतु 181 सी. एम. हेल्पलाईन पर कॉल करके तथा विभाग का नाम खाद्य विभाग बताकर और डीजीआरओ की निम्नानुसार 4 श्रेणी जिसमें डीजीआरओ को प्रस्तुत पात्रता पर्ची न मिलने से राशन न मिलने एवं अन्य संबंधी, उचित मूल्य की दुकान से राशन न मिलने एवं अन्य संबंधी, शालाओं में मध्यान्ह भोजन न मिलने एवं आंगनवाड़ी में खाद्यान्न न मिलने एवं अन्य संबंधी का नाम बताकर शिकायत दर्ज की जा सकती है।

# फर्जी रजिस्ट्री पर आमादा पटवारी

## वेतन ले रहा सरकार से, साथ दे रहा जेएमएस माईनिंग कंपनी का

### बिक्री हो रही शासकीय व आवंटन की भूमि, कलेक्टर से हुई शिकायत

अनूपपुर।


ग्राम ठोड़हा, तहसील कोतमा, जिला अनूपपुर में पदस्थ वर्तमान हल्का पटवारी राजीव द्विवेदी और सेवानिवृत्त पटवारी लल्लूराम मिश्रा, निवासी बुढ़ानपुर द्वारा अवैधानिक व षड़यंत्रपूर्वक कार्य करते हुए शासकीय भूमि एवं शासन के द्वारा दी गई आवंटन भूमि, व अन्य काश्तकारों की भूमियों का रजिस्ट्री (विक्रय पत्र) पर रोक लगाये जाने तथा दोनों पटवारियों का चल व अचल सम्पत्ति की उच्च स्तरीय विभागीय जांच कराये जाने हेतु मुख्यमंत्री समेत कलेक्टर अनूपपुर को ग्रामीणों ने ज्ञापन सौपा है।

### यह है मामला

ग्रामीणों ने ज्ञापन में लेख किया है कि ग्राम पंचायत गोहण्ड्रा, ठोड़हा, बसखला, तहसील कोतमा, जिला अनूपपुर (म०प्र०) में वर्तमान पदस्थ हल्का पटवारी राजीव द्विवेदी और सेवानिवृत्त पटवारी लल्लूराम मिश्रा, निवासी बुढानपुर हाल निवासी कोतमा द्वारा अवैधानिक व षड़यंत्रपूर्वक राजस्व कर्मचारियों, अधिकारियों, दलालों के साथ मिलकर ग्राम बसखला, तोडहा और गोहण्ड्रा में खुलने वाली मेसर्स जे.एम.एस. माईनिंग प्रा०लि० कम्पनी द्वारा मिलकर शासकीय व प्राईवेट भूमियों का विक्रय पत्र, नामांतरण, वसीयत, दानपत्र फर्जी तरीके से अपने करीबी रिश्तेदारों के नाम पर अपने पदीय कर्तव्यों का दुरूपयोग करते हुए करा रहा है और भूमि आवंटन कराकर मुआवजा और नौकरी लिया जा रहा है कुछ भूमियों के राजस्व खसरे में अहस्तांतरणीय भी दर्ज है उक्त भूमियों का भी मिलकर कुटरचना के अन्तर्गत आता है और प्रशासन को करोड़ो रुपए का चूना लगाने के प्रयासरत है।

### पटवारी कर रहा गोलमाल

वर्तमान पदस्थ पटवारी राजीव द्विवेदी द्वारा अनुविभागीय अधिकारी व तहसीलदार से सांठगांठ कर अपना अतिरिक्त प्रभार उक्त गांवों में प्राप्त कर चुका है तथा प्राईवेट कम्पनी को कोयला उत्खनन के लिये जो भूमियां अधिग्रहण की जानी है और कुछ भूमिया अधिग्रहण करनी हैं, उक्त भूमियों को वर्तमान भूमिस्वामी से हल्का पटवारी मिलकर 20-25 डिसमिल भूमि का पैकेज बनाकर फर्जी तरीके से क्रेता से 5 से 10 लाख रुपए विक्रय कर किसान को बरगलाते हुए रजिस्ट्री फर्जी तरीके से किया जा रहा है। क्योंकि किसान अशिक्षित होने के कारण उनके इस षड़यंत्र को नहीं समझ पा रहा है तथा भूमि अधिग्रहण के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। वर्तमान हल्का पटवारी व सेवानिवृत्त पटवारी द्वारा खसरे की कॉलम नं0-12 में व्यवस्थापन की अहस्तांतरणीय दर्ज है, फिर भी किस प्रकार अधिकारियों से मिलकर अहस्तांतरणीय शब्द को विलोपित कर उक्त भूमियों का विक्रय कराकर अपने सगे रिश्तेदारों के नाम से कराया जा रहा है तथा भूमि ग्राम ठोड़हा, प०ह० ठोड़हा, तहसील कोतमा के ख0नं0-1018/1/2, 1016/2, 1018/2, 1047/1/1/1, 1047/1/1/2 उक्त भूमियां पूर्व में बंटन व शासन की भूमियां थी, फिर भी सेवानिवृत्त पटवारी



लल्लूराम मिश्रा ने कैसे पूर्व भूमिस्वामियों का नाम विलोपित कर अपना व अपने बच्चों का नाम दर्ज करा दिया है, जो जांच का विषय है। भूमि ग्राम ठोड़हा की आराजी ख0नं0-1047/1/1/1 रकवा 1.264 हे0 भूमि जो बाबूलाल पिता ईश्वरदीन महरा, निवासी ग्राम कटकोना के नाम पर दर्ज था, उक्त भूमि को तत्कालीन हल्का पटवारी लल्लूराम मिश्रा, निवासी ग्राम बुढ़ानपुर द्वारा हरिजन की भूमि को सूरज प्रसाद पिता लल्लूराम मिश्रा के नाम करा दिया है। भूमि ग्राम ठोड़हा की आराजी ख0नं0-1047/1/1/2 रकवा 1.264 है0 भूमि भी रामनाथ गड़ारी पिता राममिलन उर्फ लालमन गड़ारी के नाम था, वर्तमान में फर्जी तरीके से शंकर प्रसाद मिश्रा पिता लल्लूराम मिश्रा का नाम अंकित हो गया है।

### फर्जी कार्यवाही एवं आदेश कराकर लिया जा रहा नाजायज लाभ

भूमि ग्राम ठोड़हा की आराजी ख0नं0-1018/1/2 रकवा 0474 हे0 एवं 1016/2 रकवा 1.214 हे0 भूमि लालमान काछी पिता भूखन काछी, निवासी ग्राम बुढानपुर के स्थान पर फर्जी तरीके से रामनारायण मिश्रा पिता लल्लूराम मिश्रा के नाम अंकित हो गया है। इसी प्रकार सुनीता दुलिया पिता रामसहाय की भूमि को हल्का पटवारी द्वारा बंटन व्यवस्थापन हटाने के नाम से 100 एकड़ भूमि लेकर अपने रिश्तेदारों के नाम विक्रय पत्र करा दिया गया है तथा 5 से 10 लाख रुपए लेकर 20-25 डिसमिल का पैकेज बनाकर अपने रिश्तेदारों को भूमि का विक्रय किये हैं तथा उक्त गांव के ही सरमन यादव पिता राममनोहर यादव की भूमि का भी फर्जी तरीके से लेने के प्रयासरत हैं तथा हल्का पटवारी द्वारा फर्जी कार्यवाही एवं आदेश कराकर नाजायज लाभ लिया जा रहा है।

### पटवारी से नेताओ के व्यक्तिगत संबंध

हल्का पटवारी को कई सम्मानित लोग तथा ग्राम पंचायत के भले व्यक्तियों द्वारा उक्त गलत कार्य पर आपत्ति की गई, तब हल्का पटवारी द्वारा कहा गया कि यहां मेरे बृजेश गौतम जो पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष हैं, बिसाहूलाल सिंह विधायक एवं दिलीप जायसवाल मंत्री और नवल किशोर से मेरे निजी व व्यक्तिगत संबंध है, जिन्हें में पैसे देकर सभी राजस्व कर्मचारियों से मिलकर उक्त हल्के में मेरी नियुक्ति हुई है तथा मेरे खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं की जा सकती है। यदि मेरे एवं मेरे रिश्तेदारों के विरुद्ध लिखित व मौखिक शिकायत करता है तो उसे में जान से खत्म करवा दूंगा और झूठे मुकदमें में फंसा दूंगा। हल्का पटवारी व सेवानिवृत्त पटवारी के हौसले बुलंद है तथा इनके मनोबल बढ़ा हुआ है, जिससे उक्त गांव के किसान डरे व सहमे हुए है। शिकायत करने पर भी उनके आवाज को धनबल, बाहुबल के आधार पर दबा दिया जाता है, जिससे वहा के किसान महगी भूमियों को कौडी के दाम हल्का पटवारी को विक्रय करने में मजबूर हो रहे है, तथा कृषकों को डरा धमका व डराकर उनकी भूमियों को फर्जी व अवैधानिक तरीके से गोलमाल किया जा रहा है तथा हल्का पटवारी व सेवानिवृत्त कर्मचारी, दलाल, व नेता सभी मिलकर करोड़ों अरबों की कमाई कर रहे है। जब तक सभी विषयवस्तु की विधिवत जाँच नहीं हो जाती है, तो क्रय, विक्रय कोतमा रजिस्ट्रार, अनूपपुर रजिस्ट्रार को रोक लगाया जाना अति आवश्यक है, जिससे आगे कोई भूमि विक्रित न हो सके।

### कार्यवाही की मांग

यह कि ग्राम बुढ़ानपुर की भूमि जिसका भूमिस्वामी शिवलाल कुम्हार का भूमि फर्जी तरीके से अपने नाम राजस्व रिकार्ड में चढ़ा लिया है तथा उक्त रिकार्ड में कई सह खातेदार भी थे, तथा उक्त भूमि का प्रकरण पूर्व में शहडोल न्यायालय में विचाराधीन था, फिर उक्त भूमियों का कैसे व किस प्रकार अपने नाम पर राजस्व रिकार्ड में दर्ज करा लिया है तथा उक्त गांव के कई शासकीय भूमि का अपने नाम से फर्जी तरीके से अपना नाम राजस्व रिकार्ड में अंकित कराकर विक्रय कर रहा है। वर्तमान हल्का पटवारी राजीव द्विवेदी, सेवानिवृत्त पटवारी लल्लूराम मिश्रा, शंकर प्रसाद मिश्रा, सूरज प्रसद मिश्रा, रामनारायण मिश्रा की सम्पत्ति का विधिवत जांच कराकर फर्जी कार्यवाहियों को निरस्त करते हुए दण्डित करने की मांग की गई है।



# काटे जा रहे सागौन के हरे पेड़ की जानकारी के बाद भी नही पहुंचा वन विभाग

## सूचना के दूसरे दिन पहुंचकर की कार्यवाही

अनूपपुर।

वन परिक्षेत्र अनूपपुर के अगरियानार बीट अंतर्गत अगरियानार से पचरीपानी के मध्य विगत एक माह से जंगल के अंदर लगे बहु कीमती सागौन के हरे पडो की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आरी मशीन से अनेकों बार काट कर ले जाने की सूचना देर रात वन विभाग के मैदानी अमला को दिए जाने के बाद भी वन विभाग का मैदानी अमला स्थल पर नहीं पहुंच सका जिसके दूसरे दिन वन परिक्षेत्र अधिकारी को सूचना दिए जाने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर दो सागौन वृक्षों को जप्ती कर कार्यवाही प्रारंभ की। ज्ञातव्य है कि मंगलवार की देर रात जंगल से मशीन के चलने की आवाज आने पर कुछ ग्रामीण अनूप सिंह देखने गए इस दौरान पाया कि कुछ व्यक्ति मशीन के आरा से सागौन के हरे पेड़ को काट रहे थे जिन्हें रोक कर वन विभाग के मैदानी अमले को सूचना दी गई रात भर इंतजार के बाद भी वन विभाग का कोई कर्मचारी पेड़ों की अवैध कटाई करने वाले व्यक्तियों को पकड़ने व काटे गए पेड़ों की जप्ती के लिए नहीं पहुंचा। इस बीच सूचना मिलने पर अनूपपुर के वन्यजीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल ने वन परिक्षेत्र अधिकारी अनूपपुर स्वर्ण गौरव सिंह को ग्रामीणों द्वारा बताई गई सूचना देते हुए कार्यवाही की अपेक्षा किए जाने पर वन परिक्षेत्र अधिकारी के निर्देश पर वन अमला मौके पर पहुंचकर एक दिन पूर्व काटे गए सागौन के हरे वृक्षों की जप्ती की। ग्रामीणों ने बताया कि विगत एक माह से देर रात होने पर कुछ व्यक्तियों द्वारा घने जंगल के बीच लगे हरे अत्यंत महत्वपूर्ण सागौन प्रजाति के वृक्षों की मशीन वाले आरा से काटकर ढो कर ले जाते हैं इस बीच 15 से 20 हरे वृक्षों की निर्मम तरीके से कटाई की जा चुकी है।

# कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने ग्रहण किया कार्यभार

## किए जाएं "हर हाथ को काम" दिलाने के लक्ष्य पूर्ति के हरसंभव प्रयास- राज्यमंत्री

अनूपपुर।

बुधवार को कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने मंत्रालय में अपने कक्ष में विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने विभागीय अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और संचालित योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के सचिव ललित दाहिमा, आयुक्त रेशम मदन नागरगोजे, आयुक्त हथकरघा, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड एवं मध्यप्रदेश संत रविदास हस्तशिल्प विकास निगम की प्रबंध संचालक श्रीमती सूफिया फारूकी, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के अवर सचिव जी.एस. आर्य सहित अन्य विभागीय अधिकारी व जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जायसवाल ने रेशम महासंघ के अध्यक्ष का भी कार्यभार ग्रहण किया। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी अपनाने की मंशा को आत्मसात करते हुए हम प्रदेश के कारीगरों एवं कलाकारों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य करेंगे और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा स्वरोजगार योजना के तहत अधिक से अधिक हितग्राहियों को जोड़ने का प्रयास करेंगे। बजट का समुचित उपयोग कर कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिये संकल्पित होकर कार्य करेंगे। विभागीय योजनाओं की जानकारी लेकर राज्यमंत्री



(स्वतंत्र प्रभार) श्री जायसवाल ने कहा कि कुटीर एवं ग्रामोद्योग, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं। इससे जरूरतमंदों को रोजगार मिलता है और उनका हुनर भी सामने आता है। इसी उद्देश्य से भारत सरकार ने सभी कारीगरों एवं कलाकारों को उनके उत्पाद एवं कला का अधिकतम मूल्य और लाभ में सीधा हिस्सा दिलाने के लिये ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स ओएनडीसी (भारत का अपना अमेजन) नामक खुद का स्वदेशी ई-कॉमर्स प्लेटफार्म तैयार किया है। इस प्लेटफार्म के जरिये ग्रामीण कारीगरों को उनके उत्पादों की मार्केटिंग एवं क्रेताओं को सीधा विक्रय कर लाभ दिलाया जाएगा। यह कार्य एनएसई सिल्क इनक्यूबेटर द्वारा किया जाएगा। कारीगरों एवं कलाकारों के उत्पाद यूरोप, मध्य एशिया (मिडिल ईस्ट), अमेरिका और अन्य देशों को निर्यात किये जायेंगे। भारत सरकार के इस देशी ई-कामर्स प्लेटफार्म को सबसे पहले मध्यप्रदेश में लागू करने के नवोन्मेषी प्रयास किये जा रहे हैं। इससे प्रदेश के कारीगरों एवं कलाकारों के उत्पादों को उनके घर से एकत्रित कर उसे ओएनडीसी प्लेटफार्म पर प्रदर्शित किया जाएगा। क्रेता अपनी पसंद के अनुसार यह उत्पाद खरीद सकेंगे। इससे उस उत्पाद के कारीगर को अधिकतम मूल्य मिलेगा और शत-प्रतिशत लाभ उसके हिस्से में आयेगा। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जायसवाल ने कहा कि 'रेशम की खेती से किसानों की समृद्धि' सुनिश्चित करने के लिये कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग कटिबद्ध होकर प्रयास करेगा। इस लक्ष्य के तहत किसानों को उनके खेतों में रेशम की खेती कराकर उन्हें एक लाख रुपए प्रति एकड़ सालाना आय दिलाने के प्रयास किये जायेंगे। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जायसवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय कार्यों एवं विपणन गतिविधियों में और गति लाई जाए और सकारात्मक व रचनात्मक सोच के साथ "हर हाथ को काम" दिलाने के लक्ष्य की पूर्ति के लिये हरसंभव प्रयास किए जाएं।

# राष्ट्रीय युवा संगठन का तीन दिवसीय युवा शिविर सम्पन्न



अनूपपुर।

राष्ट्रीय युवा संगठन के 3 दिवसीय युवा शिविर का आयोजन 31 दिसम्बर से 02 जनवरी तक सामुदायिक भवन करपा में हुआ। युवा शिविर के में राष्ट्रीय युवा संगठन के राष्ट्रीय संयोजन समिति के सदस्य प्रेरणा देसाई और ज्ञानेश्वर पूर्व राष्ट्रीय संयोजक अजमत खान के साथ प्रदेश संयोजक शिवकांत त्रिपाठी, सर्व सेवा संघ के राष्ट्रीय युवा सेल के संयोजक भूपेश भूषण और युवा गजलकार महेश अजनबी उपस्थित रहे। युवा शिविर को उद्बबोधन देते हुए राष्ट्रीय युवा संगठन की मार्गदर्शक प्रेरणा देसाई ने कहा कि आपातकाल के समय जब नागरिक अधिकारों को स्थगित कर दिया गया था, उस समय जयप्रकाश नारायण ने लोकतंत्र बचाने के लिए संघर्ष किया। आजादी की लड़ाई में सामाजिक सद्भावना, सत्याग्रह, अहिंसा जैसे मानवीय मूल्यों के आधार पर देश आजाद हुआ। आज इन मानवीय मूल्यों पर संकट है। राष्ट्रीय संयोजन समिति सदस्य ज्ञानेश्वर ने बताया कि गांधी के युवा का अर्थ है आपसी प्रेम और सत्याग्रह के साथ समाज को आगे ले जाने वाले युवक। अध्यक्ष के रूप में अपने उद्गार प्रकट करते हुए राष्ट्रीय युवा संगठन के संरक्षक भूपेश भूषण ने कहा कि मानवता को धर्म, जाति, क्षेत्र के आधार पर बांटा जा रहा है। गांधी विचार को युवाओं को समझाने के लिए आयोजित इस शिविर में शहडोल संभाग के 50 युवाओं ने भाग लिया। युवा शिविर को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संयोजन समिति के सदस्य ज्ञानेश्वर ने कहा कि सामाजिक सद्भावना, विश्व शांति, स्वदेशी का आग्रह और जाति लिंग या सम्प्रदाय के आधार पर भेदभाव मिटाना हमारे संगठन के मूल्य हैं। संगठन की मार्गदर्शक प्रेरणा देसाई ने नुक्कड़ नाटकों की सामाजिक सरोकार के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ाने में जो भूमिका है उस पर प्रकाश डालते हुए युवा समूहों को लघु नाटिका का प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। प्रदेश संयोजक शिवकांत त्रिपाठी ने संगठन के संविधान का परिचय देते हुए बताया कि राष्ट्रीय युवा संगठन 15 से 35 वर्ष के युवाओं का संगठन है। गांधी, विनोबा, जयप्रकाश को अपने आदर्श के रुप में स्वीकार कर हम शिक्षण, संगठन, रचना और संघर्ष की पद्धति से युवाओं को गांधी विचार से जोड़ते हैं। शिविर के समापन सत्र में पूर्व राष्ट्रीय संयोजक अजमत खान, सर्वसेवा संघ के युवा सेल के प्रभारी भूपेश भूषण, करपा की स्थानीय इकाई से पिंकी, संगठन के प्रदेश संयोजक शिवकांत त्रिपाठी उपस्थित रहे। समापन समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साथी चन्द्रशेखर सिंह ने और संचालन महेश अजनबी ने किया। ने वर्ष के संकल्पों के साथ शिविर सम्पन्न हुआ।

# रील बनाने के लिए कार में खतरनाक स्टंटबाजी

### नियम कानून की उड़ा रहे धज्जियां



**अनूपपुर।** रील बनाने बेखौफ स्टंटबाजी, कार का गेट खोलकर स्टैंड बाजी करते युवक युवती और दो लोग बोनट पर बैठकर शूट किया वीडियो यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दो लड़के और लड़कियां गाड़ियों के बोनट पर बैठे दिखाई दे रहे है, वहीं और दो लोग गेट के अगल-बगल खड़े हैं। सोशल मीडिया और शॉर्ट वीडियो के चस्के में डूबे युवाओं के ऊपर रील्स और शॉर्ट वीडियो को लेकर गजब का क्रेज चढ़ा हुआ है और कुछ लोग तो लाइक्स और व्यूज के लिए खतरनाक वीडियो तक बनाने से भी परहेज नहीं करते हैं. ऐसा ही एक वीडियो सामने आया है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र का है जिसमे कुछ युवक गाड़ियों में सवार हो कर खतरनाक स्टंटबाजी करते नजर आ रहे हैं। जन्मदिवस की आड़ में नियम कानून ताक में रखकर सरे राह आजकल के युवा स्टंट करते नजर आ रहे हैं बीच सड़क पर बोलरो वाहन के बोनट पर गाने की धुन पर थिरकते नजर आ रहे हैं। इस वाहन में सम्मानित और राष्ट्र की शान तिरंगा ध्वज लगा करके राष्ट्र और संविधान को ठेंगा दिखाते हुए अनैतिक कार्य कर रहे हैं ऐसे युवाओं को सबक सिखाने के लिए शासन प्रशासन को संज्ञान लेकर कार्यवाही करने की आवश्यकता है। ये स्टंट बिल्कुल फिल्मी स्टाइल में किया गया, जिसमें 1 चलती कार के बीच 4 युवक युवती ने खड़े होकर इस खतरनाक स्टंट को अंजाम दिया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 15 सेकेंड के इस वीडियो में वाइट रंग की बोलेरो गाड़ी नंबर एपमी 54 सी 0635 के गाड़ी के बोनट पर एक-एक लड़का और लड़की बैठा हुआ है, जबकि तीसरा और चौथा लड़का लड़की गाड़ियों के बीच में खड़ा हो कर वीडियो शूट करवाता नजर आ रहा है। इस दौरान दोनों ही गाड़ियां चलती नजर आ रही हैं। पुलिस प्रशासन क्या कार्रवाई करती है यह देखना होगा।